प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 23.05.2025 समय : 09:00 ए.एम.

000000

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सशस्त्र बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और राज्य तथा केंद्रशासित प्रदेश के पुलिस कर्मियों को वीरता पुरस्कार प्रदान किएं
- सरकार ने दिव्यांगजनों के लिए केंद्र सरकार के आवास आवंटन में चार प्रतिशत के आरक्षण की घोषणा कीं
- केंद्र सरकार इस साल देशभर में 13 नई पेशेवर खेल लीग बनायेगी–इनमें योग, साइकिलिंग, बास्केटबॉल, तीरंदाजी और मुक्केबाजी शामिलं
- प्रदेश में प्रचंड गर्मी और लू से जनजीवन प्रभावित–पांच शहरों में दिन का तापमान 46 डिग्री के पार दर्ज किया गयां

000000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल राष्ट्रपति भवन में रक्षा अलंकरण समारोह के पहले चरण में सशस्त्र बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और राज्य तथा केंद्रशासित प्रदेश पुलिस के कर्मियों को वीरता पुरस्कार प्रदान किएं इनमें छह कीर्ति चक्र और 33 शौर्य चक्र शामिल हैं वीरता पुरस्कार कर्मियों को कर्तव्य के दौरान अदम्य साहस और अद्वितीय बहादुरी के लिए दिए गएं राइफलमैन रवि कुमार, कर्नल मनप्रीत सिंह, उप पुलिस अधीक्षक हिमायुन मुजम्मिल भट और नायक दिलवर खान को मरणोपरांत कीर्ति चक्र प्रदान किए गएं मराठा लाइट इन्फैंट्री के मेजर मल्ला राम गोपाल नायडू और पंजाब रेजिमेंट के मेजर मंजीत को कीर्ति चक्र प्रदान किया गयां मेजर आशीष धोंचक, सिपाही प्रदीप सिंह, हवलदार रोहित कुमार, कांस्टेबल पवन कुमार, कांस्टेबल देवन सी, विजयन कुट्टी जी और कैप्टन दीपक सिंह सहित सात बहादुर कर्मियों को उनके असाधारण साहस और कर्तव्य के दौरान बलिदान के लिए मरणोपरांत शौर्य चक्र प्रदान किए गएं

00000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि पिछले 11 वर्षो में देशभर में रेल नेटवर्क का तेजी से विस्तार हो रहा हैं इसके साथ ही यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिल रही हैं वे कल बूंदी रेल्वे स्टेशन के उद्घाटन कार्यक्रम में बोल रहे थें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल बीकानेर के देशनोक से इस स्टेशन का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया थां इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि ये स्टेशन न केवल एक आधुनिक सुविधायुक्त यात्री केंद्र है बल्कि यह नए भारत की नई सोच, नई दृष्टि और प्रगति की तस्वीर भी प्रस्तुत करता हैं उन्होंने कहा कि बीते दशक में कोटा–बूंदी क्षेत्र में प्रमुख और उप–नगरीय रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास हुआ हैं नई रेल सेवाओं और मेमू ट्रेनों के संचालन से आवागमन आसान हुआ हैं

00000

सरकार ने दिव्यांगजनों के लिए केंद्र सरकार के आवास आवंटन में चार प्रतिशत के आरक्षण की घोषणा की हैं यह निर्णय सार्वजनिक सेवाओं में समानता, सम्मान और पहुंच की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने अपने एक बयान में कहा कि दिव्यांगजनों के लिए केंद्र सरकार के रिहायशी आवासों तक उचित पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक कार्यालय ज्ञापन जारी किया गया हैं यह पहल प्रत्येक नागरिक के सशक्तिकरण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है और एक समावेशी और सुलभ भारत की नींव को भी मजबूत बनाती हैं

0000

ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी का जश्न मनाने और भारतीय सेना की वीरता को सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रदेश में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं इसके तहत प्रदेश में जगह–जगह तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं इसी कड़ी में कल बाडमेर में उद्योग और वाणिज्य राज्यमंत्री के के विश्नोई के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गईं ये तिरंगा यात्रा गुढामालानी, रामजीका गोल, बोर चारणान और धोरीमन्ना से गुजरते हुए मांगता गांव में सम्पन्न हुईं सलूंबर में आयोजित तिरंगा रैली में बडी संख्या में शहरवासियों ने भाग लियां झालावाड, राजसमंद और पाली के तखतगढ में तिरंगा यात्रा निकाली गई इस अवसर पर पूर्व सैनिकों का सम्मान किया गयां

00000

वैश्विक एजेंसी फिच रेटिंग्स ने अगले पांच वर्ष में भारत की सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी वृद्धि दर छह दशमलव चार प्रतिशत रहने का संशोधित अनुमान व्यक्त किया हैं एजेंसी के अनुसार, सकल रोजगार में वृद्धि के कारण भारत की अनुमानित जीडीपी वृद्धि दर शून्य दशमलव दो प्रतिशत अधिक रहने की संभावना हैं वहीं अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की पिछले महीने जारी रिपोर्ट के अनुसार भी भारत सबसे तेज गति वाला प्रमुख देश बना हुआ है और यह अगले दो वर्ष में छह प्रतिशत से अधिक की वृद्धि वाला एकमात्र देश होगां

0000

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि केंद्र सरकार इस साल देशभर में 13 नई पेशेवर खेल लीग बनायेगीं इन खेलों में योग, साइकिलिंग, बास्केटबॉल, तीरंदाजी और मुक्केबाजी शामिल हैं नई दिल्ली में भारतीय खेल प्राधिकरण मुख्यालय में मीडिया को जानकारी देते हुए केंद्रीय खेल मंत्री ने देश में खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिए संशोधित अनुदान की भी घोषणा कीं इसके अनुसार उच्च प्राथमिकता वाले खेलों में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए अनुदान 51 लाख रुपये से बढ़कर 90 लाख रुपये हो गया है, जबकि प्राथमिकता वाले खेलों को 75 लाख रुपये मिलेंगें डॉक्टर मांडविया ने नमो फिट इंडिया साईकलिंग क्लब के तीन सौ से अधिक साईकिल चालन क्लब के साथ भी कल वर्चुअल बैठक कीं सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान समाज में साईक्लिंग को लोकप्रिय करने के प्रयासों पर चर्चा हुई ताकि फिट इंडिया और विकसित भारत की अवधारणा को साकार किया जा सकें

00000

जन स्वास्थ्य और अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा है कि राज्य सरकार हर  घर तक स्वच्छ और निर्बाध पेयजल आपूर्ति के लिये कृत संकल्पित हैं वे कल भरतपुर कलक्ट्रेट सभागार में पेयजल विभाग के अधिकारियों के साथ पेयजल आपूर्ति

और पेयजल परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थें उन्होंने कहा कि सरकार ने पेयजल व्यवस्था मजबूत करने के लिए बजट में विशेष प्रावधान किया हैं इसलिए विभाग के अधिकारी जहां भी जरूरत हो वहां हैण्डपम्प, सिंगलफेस या थ्रीफेस का ट्यूवैल लगाकर आमजन को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति करें बैठक में उन्होंने पेयजल परियोजनाओं को गति देते हुये गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिएं साथ ही शहरों की बढती आबादी और ग्रामीण क्षेत्रों में भविष्य के विस्तार को देखते हुये पेयजल आपूर्ति का प्लान तैयार करने को कहां

00000

प्रदेश में प्रचंड गर्मी और लू से आमजनजीवन प्रभावित हैं दिन और रात के तापमान में लगातार बढोतरी दर्ज की जा रही हैं ज्यादातर स्थानों पर पारा 42 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ हैं मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में राज्य के पांच शहरों का दिन का तापमान 46 डिग्री के पार दर्ज किया गयां 47.3 डिग्री सैल्सियस के साथ श्रीगंगानगर सबसे गर्म स्थान रहां वहीं 32 डिग्री के साथ फलौदी में सबसे ऊष्ण रात दर्ज की गईं चूरू में भी तापमान 46 डिग्री के पार दर्ज किया गया हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां लोग गर्मी से बचने के लिए विभिन्न जतन कर रहे हैं

......

उधर जैसलमेर में कडी धूप के बीच भी भारत पाक सरहद पर बीएसएफ के जवान मुस्तैदी से देश की सुरक्षा में जुटे हैं हालांकि तीखी धूप और लू के कारण बाजारों के साथ ही पर्यटन स्थल भी सूने नजर आ रहे हैं

.....